पाठ्यक्रम- (एस-ए-II) अभ्यास पत्र (माह- जनवरी) (2013-14)
पाठ्य पुस्तकें :- कक्षा - नवीं (साहित्य पर आधारित)
स्पर्श तथा संचयन अंक-30

प्र8-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2×5=10)

(i) समुद्र को देखकर रामन् के मन में क्या जिज्ञासाएँ उठीं?

(ii) पंक और पंकज में अंतर क्यों हो जाता है? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) चलते-पुरज़े लोग धर्म के नाम पर क्या करते हैं?

(iv) महादेव भाई की किन विशेषताओं ने उन्हें सबका लाडला बना दिया?

(v) सुखिया के बाहर जाने पर पिता का हृदय क्यों काँप उठता था?

प्र8-2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (4)

अग्निपथ! अग्निपथ! अग्निपथ!
वृक्ष हों भले खड़े,
हों घने, हों बड़े,
एक पत्र-छाँह भी माँग मत, माँग मत, माँग मत!

(i) प्रस्तुत काव्यांश की कविता का नाम तथा कवि का नाम लिखिए।

(ii) कवि ने क्या न माँगने के लिए कहा है?

(iii) 'अग्निपथ' का अर्थ स्पष्ट करें।

(iv) कवि इस काव्यांश द्वारा क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्र8-3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए:- (3+3=6)

(i) 'गुलाब' विधाता से क्या माँगता है? 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर लिखिए।

(ii) 'नए इलाके में' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(iii) खुशबू रचते वाले हाथ कैसी परिस्थितियों में रहते हैं?

प्र०-4. तक्षशिला में आगजनी की खबर पढ़कर लेखक के मन में कैसा भाव उठता है? उससे लेखक की किस विशेषता का पता चलता है? — (4)

अथवा

महिसागर नदी के दोनों किनारों पर कैसा दृश्य उपस्थित था? यह दृश्य क्या दर्शा रहा था?

प्र०-5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2×3=6)

(i) किताबोंवाले कमरे में रहने के पीछे लेखक की क्या भावना थी?

(ii) 'काश मैं आपके मुल्क में आकर यह सब अपनी आँखों से देख सकता।' — हामिद ने ऐसा क्यों कहा?